क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 19-03-2019 को अपराह्न 4 .15 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति', की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. मानसी गोस्वामी , अध्यक्ष, वि.ग.शि. विभाग
3. प्रो. शरत कुमार दाश , अध्यक्ष, वि.ग.शि. विभाग
4. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
5. प्रो. गौरम्मा आई. पी., वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
6. डॉ. रश्मि रेखा सेठी , वार्डन, रामानुजन छात्रावास
7. सुश्री शम्पा दास , ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
8. डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
9. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
10. श्री पंकज कुमार मिश्र , स्नातकोत्तर प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक
11. श्रीमती उषा कपूर , प्रशासनिक अधिकारी
12. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
13. श्रीमती रूपा घोष , प्रवर श्रेणी लिपिक
14. श्री जितेन्द्र सतपथी , अवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 19.12.2018 को संपन्न 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों को भेज दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि वेबसाइट में प्रतिदिन एक हिंदी - अँग्रेज़ी शब्द डालने के सन्दर्भ में संबंधित उन लोगों से अभी तक बात नहीं हो पायी जो अंग्रेज़ी वेबसाइट का काम देखते हैं। द्विभाषी मुहरों को बनाने के सन्दर्भ में प्रशासनिक अधिकारी ने अवगत कराया कि परिसर एवं कल्याण अनुभाग की ओर से शीघ्र ही इस कार्य को संपन्न किया जाएगा । उन्होंने सूचित किया कि परिषद् के हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा भेजे गए पत्र में , यहाँ से भेजी गयी तिमाही प्रगति रिपोर्ट में पत्राचार की स्थिति को लेकर आपत्ति उठाई गयी है। पिछली बैठक के कई प्रस्तावों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई , जैसे सभी विभागों के त्रिभाषी साइन बोर्ड , मुख्य द्वारों पर नए त्रिभाषी साइन बोर्ड ,संस्थान के गेट सं. 1 और 3 में लगाये जाने एवं प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने के लिए स्टील फ्रेम , सभी कर्मचारियों के नए परिचय- पत्र बनाना । प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि इन कामों को संबंधित अनुभाग से यथाशीघ्र करवाने की चेष्टा करेंगी । श्री पंकज कुमार मिश्र से कहा गया कि वे हिन्दी पखवाड़े के प्रतिवेदन के रूप में 'समवेत ' को शीघ्र तैयार करें जिससे यथाशीघ्र उसका वितरण हो जाए ।

सदस्यों को अवगत कराया गया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक , भौतिकी संस्थान , भुवनेश्वर में दि. 19.02. 2019 को हुई थी जिसमें प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल , प्राचार्य , और प्रो. अनूप कुमार ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त श्री प्रदीप कुमार राय , अनुभाग अधिकारी (स्थापना) ने परिवर्तन जन कल्याण समिति , दिल्ली द्वारा पुरी में आयोजित अखिल भारतीय विशेष राजभाषा हिन्दी कार्यशाला एवं संगोष्ठी(18-20 फरवरी , 2019) में प्रतिभागिता की ।

सदस्यों का सुझाव था कि जिन विभागों /अनुभागों से नियमित रूप से पत्र भेजे जाते हैं , उन्हें द्विभाषी पत्र लिखने के लिए निर्देश दिए जाएं । विस्तार शिक्षा विभाग , विशेषज्ञों को भेजे जाने वाले पत्र , मंजूरी आदेश , संसाधक व्यक्तियों /प्रतिभागियों के रिलीविंग आदेश के प्रारूप को द्विभाषी रूप में भेजा जाए , और शैक्षणिक अनुभाग से प्रवेश - सूचना हिंदी में भी भेजी जाए । स्थापना अनुभाग से भेजे जाने वाले , संविदा नियुक्ति पत्र को द्विभाषी रूप में भेजा जाए ।

प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन कहा कि बैठक में हुए विभिन्न प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए जिससे राजभाषा के रूप में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग हो । अंत में, श्री प्रदीप बेहरा ने सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्राचार्य
29.5.19

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को। 2. प्रभारी , शैक्षणिक अनुभाग को ।

3.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक/ निजी सहायक को । 4. कार्यालय प्रति ।